प्रेस नोट-थाना बण्डा

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक 02.11.2026

थाना बण्डा पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के पर्यवेक्षण में चिन्हित अपराधियों की गिरफ्तारी, वांछित/वारंटी एवं जिला बदर अपराधियों की तलाश, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अफीम एवं चरस की बिक्री/निर्माण पर रोकथाम तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग एवं गश्त हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.11.2026 को थाना बण्डा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

थाना बण्डा पर दिनांक 14.10.2026 को वादिनी की लिखित तहरीर के आधार पर मु०अ०सं० 0483/2026 धारा 74/78/126(2) भारतीय न्याय संहिता बनाम अभियुक्त राहुल सक्सेना पुत्र लालजीत निवासी मोहल्ला बाबाचरनदास कॉलोनी, थाना बण्डा, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र 19 वर्ष के विरुद्ध वादिनी की पुत्री के साथ अश्लील हरकतें करने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पीड़िता के धारा 180 एवं 183 बीएनएसएस के अंतर्गत दर्ज बयानों एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त राहुल सक्सेना द्वारा पीड़िता के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने एवं दुष्कर्म करने के तथ्य प्रकाश में आए, जिसके आधार पर उक्त अभियोग में धारा 352/351(3)/64(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। इसी क्रम में आज दिनांक 02.11.2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राहुल सक्सेना पुत्र लालजीत निवासी मोहल्ला बाबाचरनदास कॉलोनी, थाना बण्डा, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र 19 वर्ष को ददूरी मोड़ से समय 12:30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी का कारण बताते हुए पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

राहुल सक्सेना पुत्र लालजीत निवासी मो0 बाबाचरनदास कालोनी थाना बण्डा जिला शाहजहाँपुर उम्र 19 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

दिनांक 02.11.2026 को समय 12.30 बजे ददूरी मोड से।

पंजीकृत अभियोग –

मु0अ0सं0 483/2025 धारा 74/78/126(2)/352/351(3)/64(1) BNS थाना बण्डा शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार करने वाली टीमः –

1. व0उ0नि0 विनीत कुमार थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर।
2. हे0का0 यशवीर सिंह थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर।